Directorate of School Education
16 JUN 2025
Himachal Pradesh, Shimla-171001

संख्या: शिक्षा (प्रा ०) - (शा० शि ० - 08) **सामान्य** – 2025.
स्कूल शिक्षा निदेशालय,
हिमाचल प्रदेश लालपानी शिमला -171001।
दिनांक शिमला 171001 जून 2025।

सेवा में

समस्त उप - निदेशक स्कूल शिक्षा,
हिमाचल प्रदेश ।

विषय: **खेल संघों/खेल महासंघों/खेल बोर्डों द्वारा राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले स्कूली विद्यार्थियों को स्कूल गेम्स फेडरेशन के तर्ज पर विशेष खेल अवकाश प्रदान करने के संबंध में।**

ज्ञापन,

उपरोक्त विषय के सन्दर्भ में आपको निर्देशित किया जाता हैं कि हिमाचल प्रदेश एवं अखिल भारतीय स्तर पर विभिन्न खेल संघों/खेल महासंघों/खेल बोर्डों द्वारा समय-समय पर राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है जिनमें स्कूली विद्यार्थी सक्रिय रूप से भाग लेते हैं। वर्तमान में इन प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को विद्यालयों में अनुपस्थित अंकित किया जाता है तथा ऐसे किसी विशेष अवकाश का प्रावधान नहीं है। परिणामस्वरूप इन विद्यार्थियों की उपस्थिति आंतरिक मूल्यांकन तथा शैक्षणिक रिकॉर्ड पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।

उपरोक्त के संदर्भ में निर्देशित किया जाता हैं कि विद्यार्थियों द्वारा उक्त प्रतियोगिता अथवा कोचिंग कैंप में भागीदारी का प्रमाण संबंधित मान्यता प्राप्त खेल संस्था/आयोजक द्वारा निर्गत प्रमाण पत्र/ संस्था पत्र के आधार पर स्वीकार किया जाए। राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं तथा कोचिंग कैंप में प्रतिभाग करने वाले विद्यार्थियों को स्कूल गेम्स फेडरेशन के प्रतियोगिता में जिस प्रकार से हिमाचली स्कूली बच्चों को अवकाश दिया जाता है उसी तर्ज पर खेल संघों/खेल महासंघों/खेल बोर्डों के प्रतियोगिता में भाग लेने वाले स्कूली छात्रों को भी अवकाश प्रदान करें। साथ ही यह सुनिश्चित किया जाए कि विद्यालय ऐसे दिवसों को अनुपस्थित न दर्शाएं बल्कि उपस्थिति पंजिका में उन्हें विशेष अवकाश उपस्थिति के रूप में दर्ज करें।
आप का सहयोग छात्रों के सर्वांगीण विकास के हित में अपेक्षित हैं और इसे अति आवश्यक समझे।

निदेशक
स्कूल शिक्षा निदेशालय
हिमाचल प्रदेश शिमला-01।

पृष्ठांकन संख्या सम दिनांक शिमला **-01** जून, 2025।

**01.** तकनीकी अधिकारी , आई टी सेल को निर्देश दिए जाते है की वह पत्र को विभागीय बेव साईट पर अपलोड करें।

**02.** रक्षत नस्ति।

निदेशक
स्कूल शिक्षा निदेशालय
हिमाचल प्रदेश शिमला-01।